हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, 13 जनवरी 2024

11 एआई टेक्निशियन कर्मचारियों ने लोहारू में ...



12 खनन कार्य सुचारू रूप से चलवाने के लिए ...






## खबर संक्षेप

### कराधान विभाग ने शुरू की वन टाइम सेटलमेन्ट स्कीम

**भिवानी।** आबकारी व कराधान विभाग के डिप्टी एक्साईज एवं टैक्सेशन कमिश्नर सुरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित बार रूम में वन टाईम सेटलमेंट योजना को लेकर पंजीकृत व्यापारियों और उद्योगपतियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सरकार द्वारा कर वसूली के लिए आबकारी एवं कराधान विभाग ने शुरू की वन टाईम सेटलमेन्ट योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी और जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जीएसटी से पहले सात कर अधिनियमों से संबधित मामलों को निपटाने को लेकर यह योजना बनाई गई है।

### गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

**तोशाम।** उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह चौ. सुरेंद्र सिंह खेल परिसर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने शुक्रवार को उपमंडल परिसर में स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। कार्यक्रम के ऑवरऑल इंचार्ज नायब तहसीलदार अशोक कुमार होंगे। एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने कहा कि यह राष्ट्रीय पर्व है इसमें सभी विभाग निष्ठा के साथ काम करें।

### मतदाता होते हैं लोकतंत्र का सबसे मजबूत स्तंभ

**चरखी दादरी।** निर्वाचन आयोग की तरफ से युवाओं एवं महिलाओं को नए वोट बनवाने पर आकर्षक उपहार देने की अनूठी पहल की है। इसके तहत नया वोट बनवाने वालों को 22 जनवरी को प्रकाशित मतदाता सूची से निकाले जाने वाले लक्की ड्रा में लेपटॉप, स्मार्टफोन और पेन ड्राइव दिए जाएंगे। इसके अलावा इस अवधि के दौरान नए वोट बनवाने वाले मतदाताओं को टी.शर्ट प्रदान की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा कि पारदर्शी वोटर लिस्ट ही पारदर्शी चुनाव का आधार है।

### घर घर जाकर चलाएगा जनजागरण अभियान

**बहल।** ओबरा गांव के शिव मंदिर के सामने पार्क में संयुक्त किसान मोर्चा की तोशाम, सिवानी, बहल, कैरू व लोहारू तहसील कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक का आयोजन किया। बैठक में सरकार की किसान विरोधी नीतियों की आलोचना की गई। बैठक में 26 जनवरी को जिला मुख्यालय पर ट्रैक्टर परेड निकाले जाने की रणनीति पर चर्चा कर रूपरेखा बनाई गई।

### आजाद सेना ने मनाई स्वामी विवेकानंद जयंती

**भिवानी।** आजाद सेना के संस्थापक अध्यक्ष एवं अधिवक्ता कुलदीप शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकांद ने अपने भाषण में सबसे पहले अमरीकी भाईयों और बहनों कहकर सभा को संबोधित किया इसके बाद उन्होंने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं उस धर्म से हूं जिसने दुनिया को सहिष्णुता और सार्वभौमिक स्वीकृति का पाठ पढ़ाया है। वे आज अपनी आजाद सेना टीम सदस्यों के साथ यहां यूथ होस्टल में स्वामी विवेकानंद की आदमकद प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्पित कर उन्हें नमन कर रहे थे।


## धीमी गति से चल रही हवा ने कंपकंपी छुड़ाई

# ठंड ने कंपकंपाया, चटक धूप से मिली राहत, धुंध ने बिगाड़ दी बिजली की चाल, कई गांवों में12 घंटे बाद हुए बिजली के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शुक्रवार को अल सुबह कड़ाके की ठंड से हर कोई परेशान रहा। धीमी गति से चल रही हवा ने लोगों की कंपकंपी छुड़ाए रखी। पारा छह डिग्री सेल्सियस पर रहने की वजह से फसलों पर ओस की बूंद जमी। धुंध की गहनता की वजह से वाहन चालकों को अच्छी खासी परेशानी उठानी पड़ी। वाहन चालक सुबह दस बजे तक एक दूसरे वाहन के पीछे चलकर गंत्तव्य तक पहुंचे। यह नजारा सभी मार्गों पर बना रहा। इससे वाहन चालकों को अतिरिक्त समय के साथ. साथ आर्थिक खर्च ही वहन करना पड़ा। धुंध की ज्यादा गहनता के चलते वाहन चालकों को 20 मीटर से ज्यादा दूरी का नजर नहीं आ रहा था। वाहन चालक एक दूसरे वाहन के पीछे लग कर गंत्तव्य तक पहुंचे। इस दौरान लोगों को ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेना पड़ा। अलाव जलाकर लोगों ने अपने आप को ठंड से बचाने का प्रयास किया।

दिन चढ़ने तक मौसम ठंडा ही रहा।पौधों पर गिरी पानी की बूंद जमने को आतूर नजर आई। चूंकि पारा लगातार जमाव बिंदू की तरफ लूढ़क रहा था। क़ड़ाके की ठंड की वजह से लोगों की कंपकपी छुटती रही। गांव बड़सी स्थित 33केवी सब स्टेशन के ब्रेक डाउन होने के चलते कस्बा बवानीखेड़ा सहित छह गांवों की 12 घंटे से अधिक बिजली गुल रही। इससे ग्रामीणों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। इसके चलते मध्यरात्री के बाद कस्बा बवानीखेड़ा, सुमरा खेड़ा, सिवाड़ा, पुर, तालु, जाटु लोहारी आदि गांव की 12 घंटे से अधिक समय तक बिजली गुल रही जिसकी वजह से परेशानी उठानी पड़ी।




**भिवानी।** धुंध को चिरकर गंतव्य की ओर जाते वाहन व कड़ाके की ठंड से बचने के लिए अलाव सेकतें हुए। **फोटो :हरिभूमि**

### धुंध ने किया इंसुलेटर को पंक्चर

गुरुवार देर रात धुंध की गहनता के चलते गांव जीताखेड़ा में बिजली की लाइन पर लगे इंसुलेक्टर पंक्चर हो गया। जिसकी वजह से करीब एक दर्जन गांव अंधेरे में डूब गए। हालांकि बिजली की लाइन कटते ही निगम के फिल्ड कर्मचारियों ने रात को ही पेट्रोलिंग शुरू कर दी,लेकिन करीब दस घंटे तक लगातार कर्मचारी खेतों में पैदल चलकर बिजली की लाइन में आए फाल्ट को दूंढते रहे,लेकिन बात नहीं बनी। दिन निकलने के बाद जाकर निगम के कर्मचारियों को गांव जीता खेड़ी में स्थित बिजली के बड़े खंभे पर फाल्ट मिला। फाल्ट को दुरुस्त करने में निगम की टीम जुट गई। पभोक्ताओं के लगातार निगम कार्यालय में फोन घनघनाते रहे।

## कलश यात्रा से हुआ 5 दिवसीय शिव कथा का शुभारंभ

# शिव कथा मनोवांछित फलों को देने वाली कथा : श्रीकृष्णानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

परमहंस बाबा जहरगिरी दातार की पुण्यतिथि पर 19 जनवरी को आयोजित होने वाले वार्षिक भंडारे एवं संत समागम की कड़ी में हालुवास गेट स्थित सिद्धपीठ बाबा जहरगिरी आश्रम में शुक्रवार से 5 दिवसीय शिवकथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। यह कलश यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई जहरगिरी आश्रम में संपन्न हुई। इस दौरान सैंकड़ों महिलाएं मौजूद रही। 5 दिवसीय शिवकथा का आयोजन आश्रम के पीठाधीश्वर अंतर्राष्ट्रीय श्रीमहंत जूना अखाड़ा डॉ. अशोक गिरी के सान्निध्य में किया जा रहा है। वही कथा का वाचन रतनगढ़ के कथावाचक श्रीकृष्णानंद करेंगे। कथा के पहले दिन कथावाचक ने भगवान शिव के माहात्य, लीला एवं उनके कल्याणकारी स्वरूप का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने कहा कि योगेश्वर भगवान शिव महामंडित महादेव हैं। वे अनादि सिद्ध परमेश्वर और सभी देवों में प्रधान हैं। वेदों में भगवान शिव को अजन्मा, अव्यक्त, विश्व संचालक और संहारक माना गया है। उन्होंने कहा कि शिव का अर्थ है कल्याणस्वरूप अर्थात सभी का भला करने वाला। वे देव.दानव,गंधर्व, किन्नर, मनुष्य, ऋषि.मुनि, सिद्ध, योगी, तपस्वी, सन्यासी, भक्त एवं नास्तिकों का भी कल्याण करने वाले हैं। विश्व कल्याण के लिए वे स्वयं गरल का पान करने वाले नीलकंठ हैं और संसार में प्रलय मचाने वाले नटराज। वे स्वयंभू भगवान हैं और सभी देव.दानवों के आराध्य हैं। इस मौके पर आश्रम के पीठाधीश्वर अंतर्राष्ट्रीय श्रीमहंत जूना अखाड़ा डॉ. अशोक गिरी ने कहा कि शिव पुराण परम उत्तम शास्त्र है। पृथ्वीलोक में सभी मनुष्यों को भगवान शिव के विशाल स्वरूप को समझना चाहिए। इसे पढऩा एवं सुनना सर्वसाधन है। उन्होंने कहा कि शिव कथा मनोवांछित फलों को देने वाला है। इससे मनुष्य निष्पाप हो जाता है तथा इस लोक में सभी सुखों का उपभोग करके अंत में शिवलोक को प्राप्त करता है। इस अवसर पर बाबा कैलाश गिरी, गणेश गिरी, शिव गिरी, प्रदीप , किरोड़ी जैन, महेंद्र जेली, कालु शेखावत,रमन गुप्ता, लेहसु सैन, पारस शर्मा, सीटू हलवाई, सुनील बौंदिया,भारत लाठी, दीपक, नानू, सन्नी वालिया, रामसिंह राजपूत, परमा, लीला सैनी, मोहन मास्टर, दीलिप कोठारी, शिवजीत, कर्ण सहित अनेक श्रद्धालुगण मौजूद रहे।



**भिवानी।** शहर में क्लशयात्रा निकालते हुए। **फोटो :हरिभूमि**

# स्वामी विवेकानंद को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

राजकीय कन्या महाविद्यालय में शुक्त्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती के मौके पर राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम मनाया गया। डॉ. विचित्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के आदशांर् पर चर्चा करते हुए उन्हें जीवन में ढालने का संदेश दिया गया। डॉ विचित्र सिंह ने कहा कि युग प्रवर्तक स्वामी विवेकानंद प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। उन्होंने पूरे विश्व को भारतीय संस्कृति के मूल्यों से पल्लवित किया और अपने प्रेरक विचारों से युवाओं में राष्ट्र निर्माण हेतु नई चेतना जागृत की। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के प्रगतिशीलए उच्च एवं प्रेरक विचारों को आत्मसात करके देश के युवा भारत को पुनरू विश्व शिखर पर पहुंचा सकते हैं। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी डॉ. निशा कुमारी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन काल पर प्रकाश डालते हुए उन्हें आज के युवाओं के लिए आदर्श पुरुष बताया।

उन्होंने छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के कथन उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक आपको अपने लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।



लोहारू। राजकीय कन्या महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर व्याख्यान देते हुए छात्रा।

### प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाले किसानों को देशी गाय की खरीद पर दी जाएगी सब्सिडी

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार द्वारा खेती में जोखिमों को कम करने व खेती को जहर मुक्त बनाने के लिए किसानों को विभिन्न प्रकार की अनुदान योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने योजनाओं का विस्तार करते हुए अब स्वेच्छा से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने वाले ऐसे किसान,जिसके पास 2 से 5 एकड़ भूमि है, उनको देशी गाय की खरीद पर अधिकतम 25 हजार रूपये की सब्सिडी देने की योजना की शुरुआत की है।

उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि उपरोक्त योजना का लाभ लेने वाले किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए जीवामृत का घोल तैयार करने के लिए चार बड़े ड्रम निशुल्क दिए जाएंगे। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रदेश में 50 हजार एकड़ में प्राकृतिक खेती करने का लक्ष्य रखा गया है।

### भाविप विवेकानंद शाखा ने मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती

*भिवानी। स्वामी विवेकानंद जयंती पर भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा द्वारा बजरंग बली कॉलोनी स्थित वनवासी कल्याण आश्रम में सामूहिक भोज का आयोजन किया और 11 गर्म कंबल वितरित किए। सामूहिक भोज नीलम अग्रवाल द्वारा वितरित किया गया। इस मौके पर विक्रम सिंह, लक्ष्मण वर्मा, ललित कौशिक, भाविप शाखा अध्यक्ष ब्रजमोहन, लक्ष्मण, सुरेंद्र बागड़ी, इंग्लेश लता, सुमन वर्मा, कोमल वर्मा, सुनीता देवी आदि मौजूद रहे। शाखा के अध्यक्ष सुनील ने कहा कि युवा देश का भविष्य युवाओं पर निर्भर करता है, इसीलिए देश के विकास में युवाओं की अहम भूमिका होती है।*

### पशुधन को भी शीत लहर से बचाने के लिए सावधानी बरतना जरूरी:डीसी

**भिवानी।** कड़ाके की ठंड के चलते प्रदेश सरकार ने आमजन के साथ.साथ पशुधन को भी शीत लहर से बचाव के बारे में विशेष एडवाइजरी जारी की है। इसके लिए पशुपालकों से अपील की है कि वे पशुधन को ठंड के प्रकोप से बचाने के लिए विशेष सावधानी बरतें। उल्लेखनीय है कि विगत लगभग दो सप्ताह भर से प्रदेशभर के साथ.साथ जिला में भी शीत लहर का भारी प्रकोप है। कड़ाके की ठंड का आमजन जीवन के साथ.साथ पशुधन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पडऩा स्वाभाविक है। ऐसे में प्रदेश सरकार ने जहां एक तरफ नागरिकों के स्वास्थ्य को लेकर एडवाइजरी जारी की है, वहीं दूसरी तरफ पशुधन के बचाव के लिए भी विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। डीसी नरेश नरवाल ने एडवाइजरी के माध्यम से कहा है कि शीत लहरों के दौरान जानवरों और पशुधन को जीविका के लिए अधिक भोजन की आवश्यकता होती है क्योंकि ऊर्जा की आवश्यकता बढ़ जाती है।

# युग पुरुष स्वामी विवेकानंद को किया नमन

■ हलवासिया विद्या विहार में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हलवासिया विद्या विहार में युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत समाज सुधारक युवा युगपुरुष स्वामी विवेकानंद की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रशासक दीवान चंद रहेजा,प्राचार्य विमलेश आर्य, उप प्राचार्या सरला शर्मा, वरिष्ठ विभाग प्रमुख एलेग्जेंडर दास, राजेंद्र नरूला, आचार्या सारिका अरोड़ा, प्रतिभा गोयल, नीतू शर्मा व आचार्य नरेश मेहता व सुभाष गिल ने भी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पार्पण किया। प्राचार्य विमलेश आर्य ने अपने वक्तव्य में स्वामी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी एक महान संत और नेता थे जिन्होंने रामकृष्ण मिशन और रामकृष्ण मठ की स्थापना की थी।

प्रत्येक वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा के तहत 12 जनवरी को उनके जन्म दिवस पर राष्ट्रीय युवा दिवस भी मनाया जाता है। वे धार्मिक और आध्यात्मिक विचारों वाले व्यक्ति थे। उन्होंने विश्व भर में लोगों को अमन तथा भाई.चारे का संदेश दिया।

अपने महान कायोंर् द्वारा उन्होंने पाश्चात्य जगत में सनातन धर्मए वेदों तथा ज्ञान शास्त्र को काफी ख्याति दिलवाई। उनका रोम .रोम राष्ट्रभक्ति में डूबा था। वह दीन.हीन की सेवा को ईश्वर की सच्ची पूजा मानते थे। उनके कथन उठो जागो तथा श्तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य न प्राप्त हो जाए प्रत्येक भारतीय के लिए अत्यंत प्रेरणादायी और अनुकरणीय है।



**भिवानी।** हालवासिया स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए। **फोटो :हरिभूमि**

### 80 लाभपात्रों को 69 लाख 93 हजार 750 रूपए की दी वित्तिय सहायता:डीसी

**भिवानी।** सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण योजना के तहत 85 हजार रूपए से सवा आठ लाख रूपए तक की आर्थिक सहायता पीड़ितों को प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत जिला के 80 लाभपात्रों को 69 लाख 93 हजार 750 रूपये की वित्तिय सहायता दी जा चुकी है। डीसी नरेश नरवाल ने बताया कि सरकार के सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय विभाग द्वारा आमजन के लिए अनेक योजनाएं क्त्रियान्वित की जा रही हैं। विभाग द्वारा एक अप्रैल 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक अत्याचार निवारण स्कीम के तहत 80 लाभपात्रों को 69 लाख 93 हजार 750 रूपए की आर्थिक सहायता दी जा चुकी है। सरकार द्वारा हर वर्ग के हित को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई जाती है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति के व्यक्तियों पर गैर अनुसूचित जाति के व्यक्तियों द्वारा होने वाले अत्याचारों जैसे भूमि का अनाधिकृत कब्जा, कत्ल,डकैती, बलात्कार, आगजनी तथा नरसंहार से पीड़ित होए को अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण स्कीम अधिनियम.1989 के अन्तर्गत 85 हजार रूपए से सवा आठ लाख रूपए तक की आर्थिक सहायता पीड़ितों को प्रदान की जाती है।

## युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट ने मनाई जयंती

**भिवानी।** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शुक्रवार को हनुमान ढ़ाणी स्थित हनुमान जोहड़ी मंदिर में युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट के बैनर तले एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सान्निध्य बालयोगी महंत चरणदास का रहा। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए राष्ट्र की तरक्की में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बालयोगी महंत चरणदास ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने शिक्षा को नैतिक मूल्यों से जोडने की बात की थी तथा वे चाहते थे कि भारत विश्व गुरू के रूप में आगे जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद की जब भी बात होती है तो शिकागो की धर्म संसद में दिए गए भाषण की चर्चा जरूर होती है।

उन्होंने कहा कि ये वो भाषण था, जिसने पूरी दुनिया के सामने भारत को एक मजबूत छवि के साथ पेश किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में हिंदु धर्म का प्रतिनिधित्व किया था और हिंदु धर्म की विदेशों में भी जय.जयकार हुई थी। उन्होंने युवाओं को नारा दिया था कि उठो जागो और तब तक लगे रह, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए। उन्होंने कहा कि यदि युवा स्वामी विवेकानंद के पदि्चह्नों पर चले तो भारत का नाम विश्व के मानचित्र पर छा सकता है। इस मौके पर महात्मा ज्योतिबा फूले धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश सैनी व पर्यावरण प्रहरी विजय सिंहमार ने कहा कि युवा शक्ति में बहुत ताकत होती है और वे भारत के भविष्य की तकदीर है। लेकिन आज हमारे युवा अनेक प्रकार की बुराईयों के शिकार होते जा रहे हैं। इस अवसर पर गौरव शर्मा, मोनिया सैनी, दिनेश, कपिल सैनी, राजकुमार सैनी, बबलू जांगड़ा,विजय सैन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



# सकारात्मक विचारों को अपनाएं : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने कहा है कि विवेकानंद ने अपने जीवन में सकारात्मक विचारों को प्राथमिकता दी और उन पर चलकर आगे बढ़े। उन्होंने छात्र.छात्राओं से सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने को कहा। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के आदशोंर् को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। एसडीएम राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवाओं को सम्बोधित कर रहे थे। एसडीएम ने युवाओं को मकर संक्त्रांति की बधाई दी। एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने कहा कि 12 जनवरी का दिवस स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा पुरुष के रुप में जाने जाते है। उन्होंने कहा कि युवा ही समाज का कर्मधार होता है, युवा ओज से परिपूर्ण होता है। युवा ही किसी भी देश की आर्थिक प्रगति रुपी जहाज का कप्तान होता है। एसडीएम ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का सिर्फ 39 वर्ष का जीवनकाल कई मायनों में आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। स्वामी विवेकानंद कहते थे कि हर युवा राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे सकता है। ऐसे में युवाओं को अपने सामर्थ्य का उचित प्रयोग करना चाहिए। एसडीएम ने कहा कि युवाओं को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है।



तोशाम। कत्रित छात्रों को संबोधित करते एसडीएम।

# केहरपुरा और कुसुंभी में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

*भिवानी। विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को जिला के गांव केहरपुरा और कुसुंभी में पहुंची। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शशि परमार मुख्यरूप से शामिल हुए। ग्रामीणों ने संकल्प यात्रा का स्वागत किया। कार्यक्त्रम के दौरान राष्टीय युवा दिवस पर नासिक में आयोजित प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्त्रम को लाईव दिखाया गया। पूर्व विधायक परमार ने ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प शपथ दिलाई। उन्होंने अपने संबोधन में विकसित भारत यात्रा के सफल आयोजन पर जिला के सभी प्रशासनिक अधिकारियों का आभार प्रकट किया।*

*भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन के साथ.साथ महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग ने महिलाओं को उनके सही पोषण के साथ.साथ विभाग द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रमों में आयुष विभाग ने दवाई देने के साथ.साथ आयुर्वेदिक दवाओं के प्रभाव व महत्व के बारे में विस्तार से लोगों को समझाया। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग की एड्स विंग ने ग्रामीणों को बताया कि सुरक्षित यौन संबंध ही एड्स का बचाव है।*



**भिवानी।** यात्रा के दौरान मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुए। **फोटो :हरिभूमि**

# एनएसएस शिविर के तीसरे दिन मनाया युवा दिवस

**तोशाम।** गांव दुल्हेड़ी स्थ्ति राजकीय वमा विद्यालय में जारी सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिन शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के तौर पर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य सतीश सांगवान ने की। कैंप का आयोजन एनएसएस प्रभारी कृष्ण कुमार की देखेरख में आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर इतिहास प्रवक्ता सुरेश कुमार ने स्वयंसेवकों को युवा शक्ति की पहचान करने के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि युवा राष्ट्र का धन है, वह देश को तरक्की के पथ पर आगे बढ़ा सकता है। पीटीआई सीताराम ने स्वयंसेवकों को नशे व फास्ट फूड के दुष्प्रभाव के बारे में अवगत करवाते हुए कहा कि नशा व फास्ट फूड बीमारियों की जड़ व शारीरिक व मानसिक क्षमता के पतन का कारण है। स्वयंसेवकों को दुर्घटना के समय प्राथमिक उपचार की भी जानकारी दी गई। प्राचार्य सतीश सांगवान ने कहा कि स्वामी विवेकानंद संपूर्ण भारत के दर्शन है तथा देश की अमूल्य धरोहर हैं। इस मौके पर इतिहास प्रवक्ता सुरेश कुमार, विजय कांतीलाल, विज्ञान अध्यापिका सरोज आदि मौजूद रहे।



# स्वामी विवेकानंद प्रकृति एवं संस्कृति के रहे हैं उपासक : भारद्वाज

**भिवानी।** नेता जी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति के द्वारा विवेकानन्द हाई स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस से मनाया गया,इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद को याद किया गया स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा सप्ताह के तहत राष्ट्रीय युवा पुरस्कार आबादी अशोक कुमार भारद्वाज ने शिक्षकों एवं पर्यावरण एवं पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान के वालंटियर विद्यार्थियों को संकल्प दिलाया कि वे पानी और पर्यावरण के संरक्षण व नशे से दूर रहने लिए को लोगों को जागरूक करेंगे। विद्यालय में एक पौधे का नामकरण स्वामी विवेकानंद के नाम से किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झज्जर जिला से स्वामी विवेकानंद प्रेरणा सैली से जुड़े प्रेरक प्रसंग एवं शिक्षाविद विजेंद्र यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए आइकॉन है । युवाओं को उनके जीवन से आगे बढ़ने की प्रेरणा लेनी चाहिए । युवा नशे जैसी बुराइयों से दूर रहें। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या समी यादव, समाजसेवी सतीश कुमार यादव अजीतपुर, शिक्षाविद सरला अग्रवाल, इतिहास प्रवक्ता उर्मिला सैनी, शकुंतला देवी, वंदना अग्रवाल,सुषमा देवी, अनिता सैनी आदि मौजूद रहे।



**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद जयंती पर बच्चों को संबोधित करते एक वक्ता। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### महाविद्यालय में मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

**भिवानी।** महम गेट स्थित पंडित सीताराम शास्त्री बीएड ट्रेनिंग महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना कोऑर्डिनेटर प्राचार्य डॉ. विकास शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के लिए विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी विभाग भिवानी के प्रमुख लाल बहादुर शास्त्री को आमंत्रित किया।

### रैली को सफल बनाने के लिए बैठक का आयोजन

**बवानीखेड़ा।** खंड बवानी खेड़ा के सर्व कर्मचारी संघ की बैठक का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता खंड प्रधान चांदराम ने की व मंच संचालन बिजेन्द्र सांगवान ने किया। बैठक में आगामी 4 फरवरी को रोहतक में होने वाली राज्य स्तरीय रैली की सफलता के लिए तैयारी बारे टीमें गठित की गई। बैठक में अनेक विभागों को प्रतिनिधि शामिल हुए और 16 जनवरी से टीमें विभिन्न विभागों का दौरा करके कर्मचारियों को इसमें शामिल करने के लिए आह्वान करेंगें।

### पेड़ पौधे हमारे जीवन का आधार : नरेश

**भिवानी।** पेड़ पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। इनके बिना जीवन संभव नहीं है,ये बात एक विचार-एक सोच मंच की कैरू ब्लॉक प्रभारी नरेश कुमारी लेघां ने अपने जन्मदिन पर पौधरोपित करते हुए कही। इस दौरान मूर्ति देवी ने उन्हें उपहार के रूप में पौधा भेंट किया तथा सुख जीवन की शुभकामनाएं दी। नरेश ने बताया कि पौधों से हमें शुद्ध हवा मिलती है और जिससे हमारा शरीर स्वस्थ होता है तथा स्वस्थ शरीर होने के कारण ही हमारा जीवन सुखद होता है।

### कार्यकारिणी विस्तार व शिविर को लेकर मंथन

**बाढ़ड़ा।** युवा जनहित ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बाढ़ड़ा बस स्टैंड के सामने स्थित मार्केट में आयोजित बैठक में कार्यकारिणी के विस्तार व 14 जनवरी को आयोजित रक्तदान शिविर को लेकर विचार-विमर्श किया गया। युवा जनहित ट्रस्ट के उपाध्यक्ष मोहित फौगाट की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में ट्रस्ट द्वारा आगामी दिनों में चलाए जाने वाले अभियानों की भी रूपरेखा तैयार की गई।

### नेशनल कालेज में एनएसएस शिविर संपन्न

**लोहारू।** नेशनल कालेज ऑफ एजूकेशन में आयोजित सात दिवस एनएसएस शिविर शुक्रवार को संपन्न हो गया। इस दौरान एनएसएस शिविरार्थियों द्वारा जल संरक्षणए पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता सहित अनेक सामाजिक विषयों पर जागरूकता कार्यक्त्रमों का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. पष्मिता चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित सात दिवसीय शिविर के दौरान अनेक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



### नवदिवसीय पाठात्मक शतचंडी यज्ञ प्रारंभ

**भिवानी।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले भगवान श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तहत शुक्रवार को हालुवास गेट स्थित सिद्धपीठ बाबा जहरगिरी आश्रम में पाठात्मक शतचंडी यज्ञ का आयोजन किया गया। इस मौके पर आश्रम के पीठाधीश्वर अंतर्राष्ट्रीय श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरी ने बताया कि भगवान राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को किया जाएगा। यह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम निर्विघ्नता पूर्वक सफल बने, इसके लिए काशी के ब्राह्मणों द्वारा जहरगिरी आश्रम में पाठात्मक शतचंडी यज्ञ का नव दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। श्रीमहंत ने बताया कि शुक्रवार प्रातःकाल गौरी,गणेश, वरुण आदि नवग्रह श्रीमहाकाली, श्रीमहालक्ष्मी, श्रीमहा सरस्वती सहित 64 योगिनी एवं सर्वतोभद्र मंडल का पूजन कर पाठात्मक शतचंडी यज्ञ शुरू हुआ।

## पशु सहायक के पद पर नियुक्त करने की मांग

# एआई टेक्निशियन कर्मचारियों ने लोहारू में किया प्रदर्शन



**लोहारू।** लोहारू में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए एआई टैक्त्रिशियन।

### शहर में प्रदर्शन कर प्रशासन के माध्यम से प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लोहारू

पशुपालन विभाग में एआई टेक्निशियन के रूप में कार्य कर रहे प्रदेश के अनेक कर्मचारियों ने शुक्रवार को लोहारू में प्रदर्शन कर सरकार से मानदेय और एआई इंसेटिव प्रदान कर कौशल रोजगार निगम के माध्यम से पशु सहायक के पद पर नियुक्त किए जाने की मांग की। इससे पहले उन्होंने शहर के स्वर्ण जयंती पार्क में एकत्रित होकर बैठक का आयोजन किया और बाद में नारेबाजी करते हुए शहर में प्रदर्शन कर प्रशासन के माध्यम से प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल के नाम ज्ञापन प्रेषित किया।

प्रदर्शन करने वाले संगठन के अध्यक्ष हेमंत शर्मा पंचकूला, मायाराम यमुनानगर, बलजींद्र अंबाला, राजेश हिसार, प्रवीण व मंदीप लोहारू, प्रवीण फतेहाबाद,जोगेंद्र पलवल, विनोद दादरी, वीरेंद्र लोहारू, कमल नूंह, अमित सोनीपत, रवि डांगरा फतेहाबाद ने दिए गए ज्ञापन में बताया कि वे पशुपालन विभाग में वर्ष 2011 में एक ट्रस्ट के माध्यम से मादा पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान का काम करते थेए लेकिन 2016.17 में यह परियोजना बंद होने के कारण वे बेरोजगार हो गए थे। वर्ष 2019 में हरियाणा सरकार के पशुपालन विभाग ने उन्हें एक बार फिर एआई टैक्निशियन के रूप में कार्य पर रख लिया। लेकिन उन्हें आज तक कोई भी मानदेयए एआई इसेंटिव या कॉफ इसेंटिव नही दिया गया है। सरकार को चाहिए कि वह प्रदेश के सभी एआई टैक्निशियन को कौशल रोजगार निगम में प्राथमिकता देते हुए पशु सहायक के रूप में तैनात करे ताकि उनका गुजारा हो सके। प्रदेश के पशुपालन विभाग में काम रहे सैकड़ों एआई टैक्निशियन शुक्रवार को विभिन्न जिलों से लोहारू पहुंचे तथा स्वर्ण जयंती पार्क में बैठक पर आगामी रणनीति पर चर्चा की। बाद में उन्होंने शहर में प्रदर्शन किया और एसडीएम के माध्यम से प्रदेश के कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन भेजा।

# कड़े संघर्ष से मिलती है सफलता

- स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए मार्गदर्शक का काम करता : विधायक सर्राफ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



**भिवानी।** स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेकर चलने की शपथ दिलाते हुए।

विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए मार्ग दर्शक का काम करता है। युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। विधायक सर्राफ शुक्रवार को नेहरू युवा केंद्र द्वारा राजकीय आईटीआई में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भारत युवा शक्ति का देश है। देश को सही दिशा युवा ही दे सकता है। उन्होंने कहा कि दुनिया के विकसित देश आज भारत की तरफ आशा भरी नजर से देख रहे हैं। दुनिया में बड़े बड़े पदों पर भारतीय युवा विराजमान है, यह सब भारतीय युवाओं की मेहनत, ऊर्जा और टेलेंट का परिणाम है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को अपना लक्ष्य हासिल होने तक नही रुकने का संदेश दिया था। इस अवसर पर डॉ. अरुण जांगड़ा व वेद प्रिया द्वारा एड्स और मानसिक हेल्थ के बारे में जानकारी दी गई।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर रविंद्र बापोड़ा, रोहित यादव, लक्ष्मी शर्मा,पारस डालमिया सहित संस्थान के अधिकारी,कर्मचारी और युवा मौजूद रहे।

### पीएम विश्वकर्मा योजना कारीगरों के हुनर को दिलाएगी पहचान

**चरखी दादरी।** शिल्पकार व कारीगर समाज के नवनिर्माण में अपना बहुमूल्य सहयोग देते हैं। शिल्पकारों व कारीगरों के हुनर को सम्मान देते हुए केंद्र सरकार की ओर से पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की गई है जिससे शिल्पकारों व कारीगरों के हुनर को पहचान मिलेगी। उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना भारत की पारंपरिक कला और शिल्पकला को जीवित रखने और देश के कारीगरों और शिल्पकारों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में सहायक होगी। योजना का मुख्य बिंदु कारीगरों और शिल्पकारों के उत्पादों और सेवाओं की पहुंच के साथ गुणवत्ता में सुधार करना है।

## ढाणी फौगाट की टीम ने ग्रास रुट क्लब दिल्ली को 6 गोल से हराया



**चरखी दादरी।** गांव ढाणी फौगाट में तीन दिवसीय महिला फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यतिथि एचडी स्कूल बिरोहड़ व एचडी ग्रुप के निदेशक बलराज फौगाट ने नारियल फोड़कर बाबा जोतनाथ की पूजा अर्चना एवं मंत्रोच्चारण के साथ की। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर उन्होंने बाबा जोतनाथ खेल क्लब को 21000 रुपये दिए। प्रतियोगिता में कुल 17 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता 13 व 14 जनवरी को दो दिन ओर चलेंगी। विजेता टीमों में सुखदेव क्लब दिल्ली, ढाणी फौगाट, करनाल की टीम एवं डीएफए झज्जर, जींद की टीम ने मंगाली हिसार को हराकर विजयी रही। गांव ढाणी फौगाट की टीम ने ग्रास रुट क्लब दिल्ली को 6 गोल से हराया। मुख्यतिथि को बाबा जोतनाथ युथ एवं खेल क्लब व ग्रामवासियों ने स्मृति भेंटकर उनका सम्मान किया। फौगाट ने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और खेलों को खेल की भावना से खेलने की अपील की। जोगेन्द्र, रणबीर सिंह, पवन फौगाट एवं छोटे ने रेफरी की भूमिका निभाने का काम किया। इस दौरान मंच संचालन पूर्व डीपीई भगत सिंह ने किया। इस मौके पर जोगेन्द्र फौगाट, अजय लाम्बा, भीम सिंह, पूर्व सरपंच मन्दीप, पूर्व सरपंच कला सिंह, हरज्ञान नम्बरदार आदि मौजूद रहे।

## केएम पब्लिक स्कूल में अन्तर्विद्यालय कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन



**भिवानी।** केएम पब्लिक स्कूल में सेठ किरोड़ीमल जयन्ती के चारदिवसीय समारोह के अन्तर्गत शनिवार को अन्तर्विद्यालय कविता.पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि अनु जैन, उषा मेहता, विद्यालय प्रबंधक आनंद बासिया, प्राचार्या रेनू सैनी, उप.प्राचार्या नीलम गौतम, विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य अमिता शर्मा व सुनील शर्मा, गतिविधि प्रभारी सारिका पण्डित व रेखा श्योराण तथा सुनीता आर्य द्वारा सेठ किरोड़ीमल व माँ सरस्वती की प्रतिमाओं के समक्ष दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण करके किया गया। इस प्रतियोगिता में भिवानी के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता दो वर्गाेंर् कनिष्ठ वर्ग कक्षा छठी से आठवीं तथा वरिष्ठ वर्ग ;कक्षा नौवीं से बारहवींद्ध में आयोजित की गई। कनिष्ठ वर्ग में केएम पब्लिक स्कूल की छात्रा काश्वी सिंह ने प्रथम, भिवानी पब्लिक स्कूल की छात्रा श्रेष्ठा ने द्वितीय, पब्लिक स्कूल बाल भवन के छात्र दैविक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# घर घर कांग्रेस–हर घर कांग्रेस अभियान 15 से होगा शुरू : कादियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



- पूर्व सीएम हुड्डा की 10 साल की उपलब्धियां व भाजपा की 10 साल की नाकामियों को किया जाएगा उजागर

हरियाणा प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा एवं राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा के 10 साल के शासनकाल की उपलब्धियों एवं भाजपा सरकार की 10 साल की नाकामियों को उजागर करने के उद्देश्य से कांग्रेस द्वारा प्रदेश भर में 15 जनवरी से घर घर कांग्रेस.हर घर कांग्रेस अभियान चलाया जाएगा।

इस अभियान के तहत प्रत्येक कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता घर.घर जाकर आमजन को भाजपा की जनविरोधी नीतियों से अवगत करवाने का कार्य करेगा,ताकि इस बार प्रदेश को भाजपा के कुशासन से बचाया जा सकें। यह बात वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक कादियान ने प्रैस को जारी को बयान में कही। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य आम लोगों तक कांग्रेस की नीतियों को पहुंचाना व भाजपा सकार की नाकामियों को उजागर करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से आम आदमी परेशान है। कॉलेजों में फीस बेइंतफा बढ़ाई गई है, इस कारण मेहनत कर डिग्री प्राप्त करने वाले युवा भी बेरोजगार है। किसानों को उनकी फसल के उचित दाम नहीं मिल पा रहे, जिस कारण अन्नदाता परेशान है। सरकार की नीतियों के चलते हर वर्ग किसी ना किसी दृष्टि से परेशानी ही झेल रहा है। कादियान ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के शासनकाल में प्रदेश में धान साढ़ें 7 हजार रूपये प्रति क्विंटल बिकती थी, लेकिन आज वही धान साढ़े तीन हजार रूपये में बिक रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने जनता से जो वायदे किए थे, उन सभी को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया गया था। लेकिन भाजपा आज तक एक भी वायदा पूरा नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि घर घर कांग्रेस.हर घर कांग्रेस अभियान के तहत इन्ही कायार्ें के अंतर को जनता को समझाया जाएगा। साथ ही उन्होंने दावा किया कि आने वाला समय कांग्रेस का होगा तथा कांग्रेस की सरकार बनने पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा एवं दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में एक बार फिर से आमजन को राहत पहुंचाने वाली नीतियां बनाई जाएगी।

### अतिरिक्त मुख्य सचिव ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**चरखी दादरी।** राजस्व विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंस से बैठक लेकर विभिन्न कायोंर् की समीक्षा की। उपायुक्त मनदीप कौर ने जानकारी उपलब्ध करवाई। उपायुक्त ने बताया कि वीडियो कांफ्रेंस में राजस्व विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को जिला के विभिन्न कार्यालय में रिक्त पड़े पदों, वाहनों आदि की आवश्यकता के बारे में अवगत करवाया गया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने जिला की मांग को जल्द पूरा करवाने का आश्वासन भी दिया है। उबैठक में जन संवाद कार्यक्रमों में प्राप्त शिकायता, स्वामित्व योजना, हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत पदों की स्थिति आदि के बारे में चर्चा हुई।

## हर पात्र व्यक्ति को मिल रहा लाभ

- विकसित भारत संकल्प यात्रा चैहड़कलां गांव में पहुंची

हरिभूमि न्यूज : बहल

कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि पीएम मोदी ने अत्योदय की भावना से काम करते हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं को पात्र जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने का काम किया है, ऐसे लोग पात्र होते हुए भी वर्षों से सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित थे। भाजपा सरकार का प्रयास है कि जरूरी सुविधाएं व सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक नागरिक को घर बैठे मिले। वे शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के समापन पर चैहड़कलां में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे।



**ट्रैक्टरों के काफिले से किया स्वागत:** कृषि मंत्री का गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने ट्रेक्टरों के काफिले के साथ स्वागत किया गया। कृषिमंत्री ने गोशाला में जाकर गायों को गुड़ खिलाया। कृषि मंत्री ने समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रो एक्टिव योजना के तहत 6 महिला व पुरुषों को वृद्धावस्था पेंशन के पत्र भी वितरित किए। इस अवसर पर जिला परिषद की चेयरमैन अनिता मलिक, जिला पार्षद रविन्द्र मंढ़ोली, सरपंच प्रतिनिधि रामकिशन, सतबीर चैहड़, कर्मवीर चैहड़, रीता शर्मा, पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल, सुनील सिरसी, विरेन्द्र लांबा, पूर्व चेयरमैन सुशील केडिया, अजय बिधनोई, चेयरमैन विजय फोगाट, मा. भोमाराम, सरपंच बीरसिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे। कृषिमंत्री ने गांव चैहड़कला में 3.15 करोड़ की लागत से सामुदायिक केंद्र का शिलान्यास किया। उन्होंने लोहारू क्षेत्र के अनुसूचित जाति के 12 बागवानी के किसानों को करीब 2 करोड़ रुपए की सब्सिडी के स्वीकृति पत्र भी दिए।

# दिव्यांगों को हुनरमंद बनाएंः डॉ. राजेश

- दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा में लाने के लिए विशेष शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय सतत कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



**भिवानी।** द्वीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए।

आदर्श रिहैबिलिटेशन सेंटर व स्पेशल स्कूल में शुक्रवार को तीन दिवसीय सतत कार्यशाला का शुभारंभ संस्था निदेशक डॉ. राजेश श्योराण व संसाधन अध्यापक डॉ. सुमन पानो द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया तथा संस्था निदेशक डॉ. राजेश श्योराण द्वारा आये हुए अतिथि गणों को व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

संसाधन अध्यापक डॉ. सुमन पानो ने बताया की समुदाय आधारित पुनर्वास प्रोग्राम के द्वारा दिव्यांग बच्चों, उनके अभिभावकों व समुदाय के लोगो को दिव्यांगजन को मिलने वाली सुविधाओं व योजनाओं के प्रति जागरूक कर सकते है उन्होंने एक मछली का उदहारण देते हुए बताया कि किसी व्यक्ति को एक मछली खाने के लिए देंगे तो उसका पेट एक दिन के लिए भरेगा, परन्तु उसी व्यक्ति को मछली पालन करना व उसका व्यापार करने की विधि सिखायेंगे तो उसका उम्रभर का पुनर्वास हो जायेगा।

इसी प्रकार हम दिव्यंगो को हुनरबंध बनाकर उनके जीवन को आसान बना सकते। उन्होंने ये भी बताया कि सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं दिव्यांगजन को तभी प्राप्त होगी जब समाज के सभी लोग इसके प्रति जागरूक होंगे व संयुक्त प्रयास करेंगे दिव्यांग लोग सामान्य लोगों द्वारा नजर अंदाज कर दिए जाते है क्योंकि वे शारीरिक, व्यवहार संबंधी भेदभाव सहित समाज की विभिन्न बाधाओं के शिकार होते है दिव्यान्गता जागरूकता कार्यक्रमों का उद्देश्य लोगो को जागरूक करना है। सीबीआर पांच प्रमुख घटकों को संबोधित करता है।. स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका,सामाजिक और सशक्तिकरण। इस अवसर पर संस्था सचिव सरिता श्योराण,डॉ. हरिकिशन शर्मा, रिंकू कुमार, मोहम्मद नसीम, लवलीन शर्मा, पूजा, नीलम,सुरक्षा, संदीप कुमार, विनोद, साहिल आदि मौजूद रहे।

## युवा अपने आप को शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाएं

# युवाओं को नशा खोरी से बचाना जरूरी:विनोद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



**भिवानी।** विजेता टीम को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

भीम स्टेडियम में सिक्स.ए.साइड हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित सेमीफाइनल मुकाबले में अटेकर व महाभारत के बीच में मैच खेला गया। इस मौके पर बतौर मुख्यअतिथि शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू ने पहुंचकर खिलाडिय़ों से परिचय व उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर खिलाडिय़ों को संबोधित करते हुए शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू ने कहा कि युवाओं को स्वयं को शारीरिक व मानसिक तौर पर मजबूत बनाने की आवश्यकता हैए ताकि वे स्वयं के साथ.साथ राष्ट्र विकास के विकास में भी अहम कड़ी के रूप में काम कर सकें। इसके लिए आवश्यक है कि युवा नशे व अन्य सामाजिक बुराईयों से दूर रहते हुए खेलों को अपनाएं। उन्होंने कहा कि जब युवा खेलों को अपनाता है तो उसका शारीरिक व मानसिक विकास होने के साथ.साथ आपसी सहयोग एवं सौहादर्य की भावना भी पनपती है, जो कि एक सभ्य नागरिक बनने के लिए बेहद जरूरी है। पिंकू ने अभिभावकों से आह्वान किया कि युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए उनका रूझान खेलों की तरफ करना होगा तथा इसके लिए शुरूआत अभिभावकों को ही करनी पड़ेगी। प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए कोच नीरज ने बताया कि प्रतियोगिता में स्तर पर 6 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रत्येक मैच लीग प्रणाली आधार पर खेले गए। लीग मैच अटेकर टीम ने 15 अंक, स्टाईकर 13 अंक, नोर्थन लाईट 10 अंक, महाभारत 4 अंक एवं टाईटन 3 अंक, भिवानी हॉकी ने 1 अंक प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का पहला सेमीफाईनल मैच अटेकर व महाभारत के मध्य खेला गया। मध्यांतर तक स्कोर 2.0 रहा। मध्यांतर के बाद अटेकर टीम ने एक तरफा मैच खेलते हुए महाभारत टीम को 5.2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। इस अवसर पर हरियाणा शारीरिक शिक्षक एसो. के जिला प्रधान सोमदत्त शर्मा, शमशेर डीपीई, राजेश भारद्वाज बापोड़ा, कंवरपाल चौहान, सुनील कोच, तिलक कोच, अन्नु फौजीसहित अनेक खेलप्रेमी मौजूद रहे।

## ग्रीन मिडोज वमावि के स्थापना दिवस पर हवन का आयोजन



**चरखी दादरी।** गांव चरखी स्थित ग्रीन मिडोज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर मे स्थापना दिवस अवसर पर हवन का आयोजन किया गया। प्राचार्य सुरेश सांगवान, सोसायटी प्रधान अरविंद सांगवान, कोषाध्यक्ष योगेंद्र सांगवान, संजीत सांगवान सहित समस्त स्टाफ, विद्यार्थियों व मौजिज ग्रामीणों ने आहुति अर्पित कर मां सरस्वती की पूजा की। प्रबंधन समिति ने बताया कि आज ही के दिन 2002 में जनहित एजुकेशन सोसायटी द्वारा बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए विद्यालय की स्थापना की गई थी। आज 21 वर्षाेंर् से संस्थान लगातार विद्यार्थियों के सवार्ंगिण विकास के लिए सेवा दे रहा है। विद्यालय के विद्यार्थी पिछले अनेक वर्षाेंर् से लगातार न सिर्फ शिक्षा साथ में सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल व अन्य गतिविधियों में लगातार क्षेत्र के नाम को रोशन करते आ रहे हैं। प्रत्येक वर्ष विद्यार्थी मेरिट सूची में नाम दर्ज करवाते है। साथ में अनेक पूर्व विद्यार्थी आज नीट व जेईई जैसी परीक्षाओं को उत्तीर्ण कर समाज के विभिन्न स्थानों पर सेवाएं दे रहे हैं। । इस अवसर पर कोषाध्यक्ष योगेंद्र सांगवान, प्रवक्ता मुकेश कुमार, प्रदीप सांगवान,नरेश कुमार, विकास सांगवान, रमन,राजू सिंह, रणजीत, दिलावर आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## मीनाक्षी और साहिल ने जीते पदक

**भिवानी।** हांसी रोड स्थित जेएन हाई स्कूल की छात्रा मीनाक्षी पुत्री श्रीकृष्ण ने नेशनल स्कूल गेम की बॉक्सिंग स्पर्धा में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।



साहिल पुत्र राजकुमार ने हॉकी टीम में जीत हासिल की है। दोनों खिलाड़ियों के परिजनों व कोच को जेएन हाई स्कूल के संचालक विशाल धायल, प्राचार्या अनु दहिया व शिक्षिका सुनीता सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने बधाई दी।

## मुक्केबाज दीपक ने जीता रजत पदक

**भिवानी।** हाल ही में चंडीगढ में संपन्न हुई आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी खेलों में अजीत बॉक्सिंग क्लब के मुक्केबाज दीपक ने 63.5 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया।



विजेता खिलाड़ीं व कोच नवीन बल्हारा फ्रूटी का क्लब प्रांगण में पहुंचने पर गणमान्य व्यक्तियों व खिलाड़ियों ने जोरदार स्वागत किया। कोच फ्रूटी ने बताया कि मुक्केबाज दीपक ने इससे पहले भी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अनेक पदक जीते हैं।

## रैली में बढ़ चढ़कर भाग लेंगे अध्यापक

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ जिला कार्यकरिणी की एक आवश्यक बैठक विजय नगर स्थित अध्यापक भवन में आयोजित कि गई। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान महेंद्र सिंह एवं संचालन सचिव राजेश सभरवाल ने किया। मुख्य वक्ता के रुप में पूर्व राज्य प्रधान वजीर सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में देश के सार्वजानिक ढांचे को कमजोर करने की नीतियां बड़ी तेज गति से लागू हो रहीं हैं। इसी का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सभी विभागों के लाखों कर्मचारियों द्वारा रोहतक में बड़ी रैली का आयोजन किया गया है। प्रदेश भर के अध्यापक बड़ी संख्या में इस रैली में बढ़ चढ़ कर भाग लेंगे।

# 22 साल पहले भीषण सड़क हादसे का शिकार हुए हड़ौदी वासियों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

■ टाटा 407 गाड़ी व ट्रक की भिड़ंत में 22 लोगों की गई थी जान

22 साल पहले भीषण सड़क हादसे द्वारा मिले चरखी दादरी जिले के हड़ौदी वासियों के घाव आज तक नहीं भर पाएं हैं और शायद ही ग्रामीण कभी इस हादसे को भूला पाए। 12 जनवरी 2002 को बाढ़ड़ा-दादरी रोड़ पर बाढ़ड़ा के समीप हए टाटा 407 गाड़ी व ट्रक की भिड़ंत में कुल 22 लोगों की मौत हुई थी जिनमें 18 लोग अकेले हड़ौदी गांव के थे। लंबा समय बीतने के बाद भी हड़ौदी निवासी आज भी सड़क हादसे का नाम सुनकर सहम जाते हैं और हर साल श्रद्धांजलि सभा आयोजन कर हादसे में जान गंवाने लोगों को नमन करते हैं व इस प्रकार का हादसा किसी के साथ ना हो उसकी कामना की जाती है। शुक्रवार को भी गांव में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर जान गंवाने लोगों के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए गए व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

बता दे कि 12 जनवरी 2002 को बाढ़ड़ा.दादरी रोड़ पर बाढ़ड़ा के समीप हुए सड़क हादसे ने हड़ौदी के हर घर में मातम पसार दिया था। युवा से लेकर बुजुर्ग तक सड़क हादसे में मौत की नींद सो गए थे। गांव हड़ौदी पर काल बनकर पड़े इस हादसे ने किसी का सुहाग तो किसी के सिर से पिता का साया छिन लिया। हादसे में किसी मां ने बेटा खोया तो किसी ने अपना भाई। इसलिए अपनों को खोने वाले इस सड़क हादसे का नाम सुनकर ग्रामीण आज भी सहम से जाते हैं।



**टाटा 407 में सवार ग्रामीण बिजली समस्या को लेकर गए थे बिजलीघर:** उस समय गांव हड़ौदी में ट्रांसफार्मर जलने से गांव मे बिजली की समस्या थी। एक सप्ताह से चक्कर लगाने के बाद ग्रामीणों को ट्रांसफार्मर तो मिल गया था लेकिन उसे लगाया नहीं गया था। इसलिए ग्रामीण एकत्रित होकर टाटा 407 में सवार होकर बाढड़ा बिजली घर पहुंचे थे। ग्रामीण चार बिजली कर्मचारियों को साथ लेकर गांव लौट रहे थे। अभी वे बाढ़ड़ा कस्बे से थोड़ी दूरी पर ही पहुंचे थे कि इसी दौरान सामने से आ रहे तेज गति ट्रक ने टाटा 407 को टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टाटा के परखच्चे उड़ गए वह सड़क किनारे लगे पेड़ के उपर जा टंगी थी। हादसे में 21 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिनमें से एक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया था। हादसे में मारे गए हड़ौदी के 18 लोगों की एक साथ चिता जलाई थी।

### ग्रामीण हर साल करते हैं शोक सभा का आयोजन

हादसें में मारे गए ग्रामीणों की याद में गांव हड़ौदी में शहीद स्मारक स्थल बनाया गया है। जहां पर हर साल शोक सभा का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा इस अवसर पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाता है। उसी कड़ी में शुक्रवार को हादसे की बरसी पर जान गंवाने वाले ग्रामीणों की याद में शोक सभा व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मास्टर हरपाल आर्य ने बताया कि रक्तदान शिविर में 21 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया है। शोक सभा के दौरान भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुखविंद्र मांढी, पूर्व विधायक रणसिंह मान, किसान नेता रवि आजाद आदि मौजूद रहे।

# खनन कार्य सुचारू रूप से चलवाने के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## खानक पहाड़ में 6 अक्टूबर 2023 से बंद है काम, 60 गांव का रोजगार करता है निर्भर





तोशाम। मांगों को लेकर धरने पर बैठे और एसडीएम को ज्ञापन सौंपते पहाड़ खान यूनियन से जुड़े लोग । फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

शुक्रवार को क्रेशर एसोसिएशन, ट्रक यूनियन, मजदूर संघ ने गांव खानक में धरने के तीसरे दिन धरना स्थल से हजारों की संख्या में पैदल मार्च कर तोशाम उपमंडल कार्यालय में पहुंचकर एसडीएम मनोज कुमार दलाल के माध्यम से पहाड़ को सुचारू रूप से चलाने के लिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिस पर एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने क्रेशर एसोसिएशन की मांगों को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

उल्लेखनीय है कि खानक पहाड़ में खनन कार्य 6 अक्टूबर 2023 से बंद है। खानक से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से करीबन 20 हजार लोग जुड़े हुए हैं व प्रत्यक्ष रूप से 60 गांव का रोजगार निर्भर करता है। इस दौरान क्रेशर मालिकों ने बताया कि एचएसआईआईडीसी की गलत नीतियों की वजह से खनन का काम बंद पड़ा है तथा क्षेत्र में भूखमरी की नौबत आ गई है। 150 क्रेशर ईकाई व 5 हजार गाड़ी मालिकों को लाखों रुपयों का नुकसान हो रहा है। मजदूरों को घर चलाने के लाले पड़ गए है। क्रेशर मालिकों ने बताया कि 6 जनवरी को दो लाख टन पत्थर की बोली करवाई, जिसमें क्रेशर मालिकों ने 6 करोड़ के लगभग

■ खानक से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से करीबन 20 हजार लोग जुड़े

एचएसआईआईडीसी विभाग में जमा करवा दिए हैं। परंतु एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों द्वारा बिना कारण बताए पहाड़ में कार्य बंद करवा दिया और पत्थर का डिस्पैच नहीं होने दिया। इस बारे में अधिकारियों द्वारा कोई कारण नहीं बताया गया और ना ही पहाड़ चालाने का आश्वासन दिया गया,जिससे क्रेशर मालिकों ने एचएसआईआईडीसी के खिलाफ रोष प्रदर्शन करते हुए खानक से तोशाम पैदल पहुंचे और एचएसआईआईडीसी के खिलाफ नारेबाजी की। क्रेशर मालिक जयसिंह सिद्धू, रमेश श्योराण बागनवाला, भीष्म गुप्ता, उमेश मंगल आदि ने बताया कि अगर जल्दी ही खनन कार्य शुरू नहीं किया गया तो सभी क्रेशर मालिक, ट्रक चालक, मजदूर चंडीगढ़ जाकर एचएसआईआईडीसी विभाग में धरना देंगे। खानक में सभी क्त्रेशर मालिक, मजदूर, दुकानदार, ट्रक मालिक व ड्राइवर बेमियादी धरने पर बैठे हुए है। खानक पहाड़ बंद हो जाने से सरकार को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है। इसमें माइनिंग, एचएसआईआईडीसी, रेवन्यू व आबकारी, बिजली व जीएसटी आदि विभागों को हजारों करोड़ रुपये सालाना का नुकसान हो रहा है। इस मौके पर सुनील जिंदल, राजीव प्रकाश, मोहन तायल, सुनील महता, भगवान परशुराम जनसेवा समिति के अध्यक्ष सुनील शर्मा, राजेश महता,बिंटू बागनवाला,मनोज कुमार,राकेश बंसल, प्रदीप बागड़ी, जयप्रकाश, रोहित, सूरजभान, सतबीर आदि ने मांग की की खनन को दोबारा से चालू किया जाए ताकि क्षेत्र में बेरोजगारी न फैले और क्षेत्र के लोगों की रोजी.रोटी चलती रहे।



**भिवानी।** धरने के दौरान नारेबाजी करते किसान। फोटो : हरिभूमि

# बैंक अधिकारी के लालच की भेंट चढ़े सैकड़ों अन्नदाता, करोड़ों की चपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव कुंगड़ स्थित एसबीआई शाखा के पूर्व मैनेजर पर धोखाधड़ी का आरोप लगाकर किसानों का धरना शुक्रवार को 10वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान किसानों ने बैंक प्रशासन व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने की अध्यक्षता महताब सिंह गोयत ने की तथा संचालन ग्राम स्वराज्य किसान मोर्चा के बवानीखेड़ा ब्लॉक प्रधान चांदीराम गोयत ने की।

धरनारत्त किसानों को संबोधित करते हुए चांदीराम ने कहा कि पहले से ही घाटे की मार झेलने के बावजूद भी देश की जनता का पेट भरने वाले सैंकड़ों अन्नदाता बैंक अधिकारी के लालच की भेंट चढ़े है, जिस मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नही हुई है। बैंक के पूर्व मैनेजर ने धोखाधड़ी से किसानों के केसीसी से रुपये निकाल लिए, जिसके बाद अब बैंक द्वारा किसानों को रुपये जमा करवाए जाने के नोटिस थमा रहा है, ऐसे में अब किसान अपने रुपये वापस लेने की मांग को लेकर धरनारत्त है। इस अवसर पर दिलबाग, जतिन, चंद्रभान, राजेश, नफे, बाली, सत्यवान बेनिवाल, मोहन, जले संह, आनंद, रणबीर, रमेश, राजेश कामरेड, रतीराम जांगड़ा, सुल्तान जांगड़ा, रणबीर धानक, सोनू आदि मौजूद रहे।

## उपमंडल सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की समीक्षा बैठक आयोजित, पीड़ितों की सहायता करने के निर्देश

**भिवानी।** एसडीएम दीपक बाबू लाल करवा की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित उनके कार्यालय में अत्याचार निवारण योजना को लेकर उपमंडल सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में एसडीएम करवा ने अधिकारियों को एससी व एसटी एक्ट से पीड़ित व्यक्तियों को समय पर सहायता देने के निर्देश दिए। एसडीएम करवा ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की घटनाओं से पीड़ित एससी व एसटी जाति वर्ग के लोगों को सरकार की हिदायतों के अनुसार तुरंत प्रभाव से आर्थिक सहायता प्रदान की जाएं। उन्होंने कहा कि जिला के जिन क्षेत्रों में ज्यादा घटनाएं होती हैं उन क्षेत्रों को चिहिन्त करके व्यापक स्तर पर आम नागरिकों को जागरूक किया जाएं।

# महिला को रेयर ब्लड ग्रुप बी नेगेटिव करवाया उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

यदि आपके रक्त से किसी इंसान की जिंदगी बच जाए तो इससे बड़ा पुण्य का काम कोई दुसरा नहीं सकता, इसलिए हमें बढ़ चढ़कर रक्तदान करना चहिए।

रक्तदान को महादान कहा गया है, उक्त विचार रक्तदान की मुहिम चलाने वाले रक्तवीर राजेश डुडेजा और रक्तदान सेवा सोसायटी के मनीष वर्मा ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्वैच्छा से रक्तदान करने के लिए वे अक्सर प्रेरित करते हैं।इसी कड़ी मे बीती रात शहर के निजी अस्पताल में दाखिल प्रेमनगर निवासी महिला को रेयर ब्लड ग्रुप बी नेगिटिव की जरूरत पड़ी और उन्हें कहीं भी ब्लड नहीं मिला। ग्रामीणों ने रक्तवीर टीम के राजेश डुडेजा से संपर्क किया। उन्होंने तुरंत ग्रुप के माध्यम से सूचना अपने साथियों को दी और रक्तदाता असलम व योगेश ने फ्रीडम ब्लड बैंक में पहुंचकर रक्तदान किया। इस अवसर रक्तवीर राजेश डूडेजा, डॉ. मंदीप पंघाल, लैब टेक्नीशियन सतीश व संदीप नैन ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया।



**भिवानी।** रक्तदाताओं को सम्मानित करते रक्तवीर राजेश डूडेजा। फोटो : हरिभूमि

# चौधरी बंसीलाल विवि के तृतीय दीक्षांत समारोह को लेकर डीसी,एडीसी व एसपी ने किया निरीक्षण



**भिवानी।** 15 जनवरी को चौधरी बंसीलाल विवि के तृतीय दीक्षांत समारोह के आयोजन को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा उपायुक्त श्री नरेश नरवाल एडीसी अनुपमा अंजली और पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया । दीक्षांत समारोह में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। कुलपति प्रोफेसर राजकुमार मित्तल एवं कुलसचिव डॉ ऋतु सिंह ने उनका यूनिवर्सिटी पहुंचने पर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके बाद उपायुक्त नरवाल, एडीसी अनुपमा अंजली और पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने कुलपति प्रोफेसर राजकुमार मित्तल एवं कुलसचिव डॉ ऋतु सिंह संग कार्यक्रम स्थल का दौरा कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने कुलपति प्रोफेसर राजकुमार मित्तल एवं कुलसचिव डॉ ऋतु सिंह से कार्यक्रम के संचालन एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विचार विमर्श किया।



# 26 को ट्रैक्टर परेड में शामिल होगा संयुक्त किसान मोर्चा

**तोशाम।** शुक्रवार को गांव ओबरा के शिव मंदिर के सामने पार्क में तहसील तोशाम, सिवानी, बहल, कैरू, लोहारू की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक की संयुक्त अध्यक्षता रामफल देशवाल, रोहताश सिंह सैनी, विजेंद्र हरियावास, मेवा सिंह आर्यए आजाद सिंह भूगला व युवा कल्याण संगठन के प्रधान कमल सिंह ने की। बैठक का संचालन मास्टर जगरोशन ने किया।

■ न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल की कानूनी गारंटी, बिजली निजीकरण विधेयक, लेबर कोड की वापसी के मामले में जो वादे किए गए थे उन पर मोदी सरकार ने धोखा दिया है

बैठक में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कमल प्रधान, रोहतास सिंह सैनी व मा. जगरोशन ने कहा कि 2 साल पहले आपकी शानदार एकता के सामने ऐतिहासिक आंदोलन में मोदी सरकार ने घुटने टेक दिए थे और तीन कृषि काले कानूनों को वापस लेना पड़ा। लेकिन न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल की कानूनी गारंटी, बिजली निजीकरण विधेयक, लेबर कोड की वापसी के मामले में वायदे किए गए थे उन पर मोदी सरकार ने धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि बड़े पूंजीपतियों के हितों की नीतियों पर चलने वाली सरकार देश की बहुमूल्य संपत्तिया अंबानी व अदानी जैसे देसी.विदेशी कॉरपोरेट कंपनियों को बेच रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

15 को विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षांत समारोह

# विवि छात्रों के समग्र विकास की दिशा में आगे बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



■ तृतीय दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय शिरकत करेंगे।

भिवानी 15 जनवरी को चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय के प्रेमनगर स्थित नए परिसर में विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल,सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह, बृजेंद्र सिंह,विधायक घनश्याम सर्राफ , बिशंभर बाल्मिकी शामिल होंगे ये जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो राजकुमार मित्तल ने विश्वविद्यालय के जनसंपर्क एवं मीडिया सेल द्वारा आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए दी ।

उन्होंने बताया कि यह विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षांत समारोह है। राज्यपाल द्वारा संत शिरोमणि स्वामी सदानंद को उनके द्वारा सामाजिक कार्योंर् में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए मानद उपाधि से अलंकृत किया जायेगा । इसमें दीक्षांत समारोह में पांच पीएचडी स्कॉलर को डिग्री और विश्वविद्यालय के टॉपर 22 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए जायेंगे। बी फार्मेसी के शैक्षणिक सत्र 2019 से 2023 तथा पीजी के शैक्षणिक सत्र 2020 से 2022 के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएंगी। उन्होंने बताया कि चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय ने अपने गठन के मात्र कुछ वर्षोंर् में ही खेल एवं शिक्षा के क्षेत्र में नये किर्तिमान स्थापित किये हैं। कुलपति प्रो राजकुमार मित्तल ने बताया कि विश्वविद्यालय ने प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विश्वविद्यालय ने महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पेपरलेस डिजिटल मार्कशीट की सुविधा दी जा रही है।

विश्वविद्यालय द्वारा आस पास के पाँच गांव गोद लेकर उनमें सामाजिक जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं और प्रत्येक पीएचडी स्कॉलर को एक पौधा लगाना अनिवार्य किया है। सतत संयमित उपभोग अभियान द्वारा पॉलिथीन एवं प्लास्टिक मुक्त वातावरण तथा संसाधनों के सदुपयोग की अलख विश्वविद्यालय द्वारा जगाई जा रही है। विवि की यह प्राथमिकता है कि स्थानीय एवं सामाजिक समस्याओं का हल शिक्षा एवं रिसर्च के द्वारा निकाला जा सके। रिसर्च का उदेश्य मानव कल्याण होना चाहिए। विश्वविद्यालय में लगभग 80 शोधार्थी हैं।जिन जिन विभागों में नियमित फैकल्टी आयेगी उनमें भी पीएचडी प्रारंभ होगी। अभी विवि के 10 विभागों में पीएचडी करवाई जा रही है। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो डीके मदान ने बताया कि 14 जनवरी को दीक्षांत समारोह की रिहर्सल होगी । 19 और 20 को गणित विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया है। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ सुरेश मलिक ने बताया कि 16 से युवा महोत्सव उत्कर्ष का आयोजन किया जा रहा है जिसका विधिवत शुभारंभ 15 जनवरी को शाम को राज्यपाल करेंगे। 18 से 21 जनवरी तक ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी हैंडबॉल महिला चैंपियनशिप का आयोजन होगा।

केवल नाम ही काफी है..
सागर
चाय
REQUIRED : DISTRIBUTOR
Mob: 92152-43212